Class - II
Subject - HINDI
पाठ – 4 हंस किसका

1. शब्दार्थ

उद्यान	–	बगीचा
व्याकुल	–	बेचैन
निर्णय	–	फैसला
घायल	–	ज़ख्मी
घाव	–	ज़ख्म
क्षमा	–	माफ़ी

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. सिद्धार्थ किसका बेटा था?

उत्तर सिद्धार्थ राजा शुद्धोधन का बेटा था।

ख. सिद्धार्थ कहाँ घूम रहा था?

उत्तर सिद्धार्थ बगीचे में घूम रहा था।

3. प्रश्नों के उत्तर दें :–

क. राजकुमार सिद्धार्थ किसे देखकर व्याकुल हुए और क्यों?

उत्तर राजकुमार सिद्धार्थ घायल हंस को देखकर व्याकुल हुए क्योंकि उसे बाण लगा था।

ख. देवदत्त ने राजा से क्या कहा?

उत्तर देवदत्त ने राजा से कहा कि हंस को उसने बाण से मारा है इसलिए हंस उसे मिलना चाहिए।

ग. राजा ने हंस किसको दिया?

उत्तर राजा ने हंस सिद्धार्थ को दिया।

घ. राजा का फैसला उचित था या अनुचित? कारण भी बताइए। (मूल्यपरक)

उत्तर राजा का फैसला उचित था क्योंकि मारने वाले से बचाने वाले का अधिकार अधिक होता है। सिद्धार्थ ने हंस को बचाकर अच्छा काम किया।

4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

पानी, व्याकुल, शिकार, बाण

क. सिद्धार्थ घायल हंस को देखकर <u>व्याकुल</u> हो उठे।

ख. देवदत्त ने हंस को <u>बाण</u> मारा था।

ग. सिद्धार्थ ने हंस का घाव धोया और उसे <u>पानी</u> पिलाया।

घ. मैं तो बस इतना जानता हूँ कि हंस मेरा <u>शिकार</u> है।

5. सही कथन के आगे शुद्ध (✓) तथा गलत के आगे अशुद्ध (***X***) का चिह्न लगाइए –

क. हंस को सिद्धार्थ ने बाण मारा था। ***X***

ख. देवदत्त एक दयालु बालक था। ***X***

ग. सिद्धार्थ के मन में हंस के प्रति दया का भाव था। ✓

घ. राजा ने हंस देवदत्त को दे दिया। ***X***

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. हंस को किसने घायल किया था?

✓ देवदत्त ने | सिद्धार्थ ने | शिकारी ने

ख. 'यह हंस मेरा है। मैंने इसकी जान बचाई है।' – किसने कहा –

देवदत्त ने | ✓ सिद्धार्थ ने | राजा ने

ग. 'यह हंस मेरा है। मैंने इसका शिकार किया है।' – किसने कहा –

राजा ने | सिद्धार्थ ने | ✓ देवदत्त ने